an>

Title: Reference regarding 71st Anniversary of the dropping of atomic bombs on Hiroshima and Nagasaki on 6th and 9th August, 1945, respectively.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, 6 अगस्त और 9 अगस्त को क्रमशः हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराने की 71वीं वर्षगांठ है। इस बमबारी से अकल्पनीय विनाश हुआ। इस त्रासदी में हजारों निर्दोष व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, लाखों घायल हुए और कई लोग जीवनभर के लिए अपंग हो गए। लगभग सात दशक व्यतीत होने के बाद भी इन शहरों के निवासी विकिरण के दुष्प्रभावों से प्रभावित हो रहे हैं और पर्यावरण पर भी इसका विपरीत असर हो रहा है।

भारत ने हमेशा सद्भाव, शांति और अहिंसा के मार्ग का अनुसरण किया है और विश्वभर में इन मूल्यों को परिवर्धित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

आइए, हम सब इस अवसर पर एक शांतिप्रिय, सह-अस्तित्व वाले विश्व की रचना का संकल्प लें।

जैसा कि भारतीय संस्कृति में पर्यावरण की रक्षा के लिए कहा जाता है -

"ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तः
पृथ्वीः शान्तिरापः शान्तः रोषधयः शान्तः।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तः
सर्वः शान्तः शान्तिरेव शान्तः सा मा शान्तिरेधि।।
ॐ शान्तः शान्तः शान्तः ॐ।।"

अब सभा परमाणु त्रासदी के शिकार व्यक्तियों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए थोड़ी देर मौन रहेगी।

11.02 hours

The Members then stood in silence for short while.

-